दिनांकः 08.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रदेश में कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। इन जगहों पर लू के थपेडों से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राज्य का बाड़मेर जिला कल देशभर में सबसे गर्म रहा। यहां पारा 45 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रात का तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां राष्ट्रीय मरू उद्यान में वन्यजीव भी व्याकुल नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर दिन का तापमान 41 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच मापा गया। जैसलमेर, श्रीगंगानगर, जयपुर और फलौदी में पारा 44 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया गया।
विभिन्न जिलों में तेज़ गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर अपने स्तर पर विद्यालयों में अवकाश या समय बदलाव का निर्णय ले रहे हैं। धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने सरकारी और निजी विद्यालयों में पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए आज और कल का अवकाश घोषित किया है।
तेज गर्मी के कारण व्याकुल पशु पक्षियों के लिए भी प्रदेशभर में दाने पानी की व्यवस्था की जा रही है। राज्य के पंचायती राज विभाग के शासन सचिव और आयुक्त रवि जैन ने सभी जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को हर गांव और कस्बे में पशु–पक्षियों के लिए दाना–पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। झालावाड में जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की पहल पर आज 11 हजार परिंडे लगाये जा रहे हैं।
सांचौर के राजकीय महाविद्यालय में भी आज परिंडे लगाये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस स्वंय सेवकों ने गर्मियों के दौरान पक्षियों के लिए दाने पानी की व्यवस्था करने का प्रण लिया। जैसलमेर के पोकरण में भारत विकास परिषद की ओर से परिंडे बांधे जा रहे हैं।
इधर, मौसम विभाग ने कल से एक नये पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उदयपुर, जयपुर, बीकानेर, कोटा, भरतपुर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की है।

....

बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में दुधवा खुर्द गांव के एक पोलिंग बूथ पर आज हो रहे पुनर्मतदान के तहत सुबह 11 बजे तक 27 दशमलव 9 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया है। इस दौरान कुल पंजीकृत 1 हजार 294 मतदाताओं में से 361 ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। ज़िले की चौहटन विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 50 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूधवा खुर्द में सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। इसके लिए प्रशासन और पुलिस की ओर से पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पोलिंग बूथ पर वेबकास्टिंग की जा रही है। मतदान के बाद निर्वाचन सामग्री बाड़मेर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनाये गये स्ट्राँग रूम में रखी जाएगी।

....

राज्यपाल कलराज मिश्र ने आज नई दिल्ली में पूर्व उप प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित लालकृष्ण आडवाणी के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। राज्यपाल ने श्री आडवाणी को शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन भी किया। श्री मिश्र की पूर्व उप प्रधानमंत्री से यह शिष्टाचार भेंट थी।

....

आज विश्व रेड क्रॉस दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। रेड क्रॉस के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनेंट के सम्मान में हो रहे कार्यक्रमों के तहत भरतपुर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि रेड क्रॉस मानवीय मूल्यों और गतिविधियों को सामने लाने के लिए काम करता है। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

....

परशुराम जयंती के उपलक्ष में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आज से विभिन्न आयोजन हो रहे है। इसी के तहत भरतपुर में तीन दिवसीय परशुराम जयंती महोत्सव की शुरूआत हुई। किला स्थित गायत्री शक्तिपीठ से आज सुबह कलश यात्रा निकाली गई। 10 मई अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का अभिषेक किया जाएगा और शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। उधर, आज से जैसलमेर में हाली अमावस्या के साथ तीन दिवसीय पर्व की शुरूआत हुई।

हाली अमावस्या के दिन हल और अनाज की पूजा की जाती है। बाड़मेर ज़िले में भी हाली अमावस परंपरागत रूप से मनाई जा रही है। पर्व को लेकर ज़िले के किसानों में विशेष उत्साह बना हुआ है। वहीं बालोतरा में घरों में बाजरी के खींच के साथ गुड़ की गळवाणी बनायी गयी है, जिसे बड़े चाव के साथ खाया जा रहा है।

....